

### एक नजर में



## पत्रकार कॉलोनी, विनय नगर में सीवर ओवरफ्लो, सुनवाई नहीं

ग्वालियर। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 3 अंतर्गत पत्रकार कॉलोनी, विनय नगर सेक्टर-3 के रहवासी पिछले कई दिनों से सीवर ओवरफ्लो की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि शिकायतें नगर निगम में शीर्ष तक भी पहुंच चुकी हैं, लेकिन समाधान अब तक नहीं हुआ। रहवासियों का सवाल है— 'जब नगर निगम के बड़े अफसरों को भी बता दिया और फिर भी सुनवाई नहीं हुई, तो अब आखिर किसके आगे रोएं?' उनका कहना है कि बारिश का दौर शुरू होने से पहले यदि सीवर की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और भी विकट हो जाएगी। अब क्षेत्रवासियों को इंतजार है कि जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों पर संज्ञान लेते हैं या फिर समस्या यूं ही रहेगी।

## अचलेश्वर महादेव मंदिर में दान राशि की गिनती शुरू

**ग्वालियर**-अंचल के प्रसिद्ध और आस्था के प्रमुख केंद्र अचलेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई दान राशि की गिनती का काम आज से शुरू हो गया है। मंदिर प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में दानपात्रों को खोलकर उनमें जमा नकदी और मूल्यवान सामग्रियों का संकलन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में भारी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के बीच यह प्रक्रिया की जा रही है। हर साल की तरह इस बार भी हुंडियों से बड़ी मात्रा में नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के निकलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, गिनती के काम में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बैंक कर्मियों और मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुरक्षा के लिहाज से परिसर में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। अचलेश्वर मंदिर में आने वाला चढ़ावा अंचल के सबसे बड़े दान पैकेजों में से एक माना जाता है। इस राशि का उपयोग मंदिर के विकास, रखरखाव और सामाजिक व धार्मिक कार्यों में किया जाता है। ?गिनती पूरी होने के बाद आधिकारिक तौर पर कुल राशि की घोषणा की जाएगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस बार दान राशि पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ सकती है।



## गीता ज्ञान में हुई ज्ञान विज्ञान की व्याख्या

**ग्वालियर।** विश्वगीताप्रतिष्ठानम् और वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कम्पू स्थित कस्तूरबा भवन में आयोजित 'गीता ज्ञान यज्ञ सप्ताह' के दूसरे दिन गीता मनीषी आचार्य डॉ. विष्णु नारायण तिवारी ने सप्तम अध्याय 'ज्ञान-विज्ञान योग' की व्याख्या की। आचार्य तिवारी ने भगवान की परा (चेतन) और अपरा (जड़) प्रकृति का विवेचन करते हुए बताया कि संपूर्ण चराचर जगत की उत्पत्ति, पालन और प्रलय का मूल आधार परमात्मा ही हैं। जैसे सूत के धागे में मणियाँ पिरोई होती हैं, वैसे ही अदृश्य रूप से ईश्वर इस सृष्टि को धारण किए हुए हैं। जल का रस, सूर्य-चंद्र का प्रकाश और मनुष्यों का पुरुषार्थ, सब ईश्वर की ही दिव्य विभूतियाँ हैं। उन्होंने आज की सामाजिक समस्याओं का समाधान गीता के समत्व और कर्तव्यपरायणता के मार्ग में बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के अध्यक्ष इंजी. एस. के. गुप्ता, जिले के संपर्क प्रमुख अरुण कुमार शर्मा, साहित्यकार अलकेश त्रिपाठी, महावीर प्रसाद दुबे, रत्ना कपूर और त्रिलोकीनाथ झा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ का समापन 7 जुलाई को अखंड गीता पाठ, वैदिक हवन और विशेष प्रवचन के साथ होगा। कार्यक्रम प्रतिदिन सायंकाल 3 :00 से 6 :00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।



## ग्वालियर पुलिस का 'सेफ क्लिक 2 .0' अभियान

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी विशेष साइबर जागरूकता अभियान 'सेफ क्लिक 2 .0' के तहत ग्वालियर जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन एवं अभियान के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजावल सिंह जग्गा के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर हजारों नागरिकों और विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा का संदेश दिया गया। उप निरीक्षक शैलजा सिंह थाना विश्वविद्यालय, आईसीएआई ग्वालियर ब्रांच के सहयोग से बालभवन से आईसीएआई कार्यालय तक जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि सुजावल सिंह जग्गा ने पेशेवरों और युवाओं को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। ग्वालियर ग्लोरी स्कूल (थाना कंपू) सुजावल सिंह जग्गा और थाना प्रभारी अमर सिंह सिकरवार की उपस्थिति में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड के प्रति सतर्क किया गया। माधव विधि महाविद्यालय कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुमन गुर्जर ने छात्र-छात्राओं को फिशिंग, फेक जॉब ऑफर, सोशल मीडिया फ्रॉड और निवेश संबंधी ठगी के तरीकों की विस्तार से जानकारी दी।

## अवैध स्विमिंग पूलों पर नगर निगम की सख्ती, चार को नोटिस

**ग्वालियर 2 जुलाई.** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में संचालित अवैध स्विमिंग पूलों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत खेल विभाग द्वारा गुरुवार को सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान खेल विभाग के अधिकारियों ने चार स्विमिंग पूलों का निरीक्षण कर संचालकों को नोटिस जारी करते हुए पंजीयन पूर्ण होने तक स्विमिंग पूलों का संचालन तत्काल बंद रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बंसी रिजॉर्ट स्विमिंग पूल, भारत रिसोर्ट स्विमिंग पूल, स्पेस विला स्विमिंग पूल, ठाकुर स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया गया। नगर निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शहर में बिना पंजीयन एवं निर्धारित मानकों का पालन किए संचालित स्विमिंग पूलों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।यह कार्रवाई खेल विभाग के नोडल अधिकारी श्री बी.के. त्यागी के निर्देशन में सहायक खेल अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव, सहायक खेल अधिकारी श्री नमन कौरव एवं विजय चौहान द्वारा की गई। पंजीयन संबंधी जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन के लिए नगर निगम के खेल विभाग स्थित तरण पुष्कर कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# संयुक्त संचालक शिक्षा पद एक दावेदार दो

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 2 जुलाई.** मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग का एक ऐसा अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसने ग्वालियर संभागीय संयुक्त संचालक (जेडी) लोक शिक्षण कार्यालय को चर्चा का केंद्र बना दिया है। कार्यालय में वर्तमान में एक ही पद और एक ही कुर्सी के लिए दो सीनियर अधिकारियों के बीच खींचतान की स्थिति बन गई है। हालात यह हैं कि एक ही विभाग में दो अधिकारी खुद को संयुक्त संचालक बताते हुए अलग-अलग कमरों से समानांतर व्यवस्था चला रहे हैं। इस प्रशासनिक रस्साकशी के चलते दफ्तर के कर्मचारियों के सामने भारी असमंजस खड़ा हो गया है कि वे किसके आदेश का पालन करें और किसकी फाइल पर साइन कराएं।

**▸ चतुर्वेदी को शासन ने प्रभार सोपा, सिंह हाई कोर्ट से लेकर आए स्थगन आदेश**



**25 जून के आदेश से शुरू हुआ पूरा घटनाक्रम**

पूरा मामला बीते 25 जून 2026 से शुरू हुआ, जब स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल की उपसचिव मंजूषा विक्रांत राय ने राज्यपाल के नाम से एक आदेश (क्रमांक 132/1336693/2026/20-1) जारी किया। इस आदेश के तहत ग्वालियर के तत्कालीन संयुक्त संचालक अरविंद सिंह का तबादला लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल कर दिया गया। इसी आदेश में हरिओम चतुर्वेदी (सहायक संचालक, जिन्हें उप संचालक का उच्च प्रभार मिला हुआ है) को ग्वालियर संयुक्त संचालक का प्रभार सौंपने का निर्देश जारी हुआ।

**एक ही दफ्तर, दो कमरे... दोनों तरफ से चल रही 'सरकार'**- स्टे ऑर्डर के बाद जब अरविंद सिंह दफ्तर पहुंचे, तो मुख्य चैंबर में हरिओम चतुर्वेदी को कार्यरत देख उन्होंने विवाद के बजाय कार्यालय के ही दूसरे कमरे में अपना आसन जमा लिया। अब स्थिति यह है कि मुख्य चैंबर से हरिओम चतुर्वेदी संयुक्त संचालक के रूप में फाइलें निपटा रहे हैं, तो वहीं दूसरे कमरे में बैठकर अरविंद सिंह भी खुद को वैध संयुक्त संचालक बताते हुए शासकीय कार्य कर रहे हैं। इस मामले में जब भोपाल के आला अधिकारियों से संपर्क साधने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, जिससे गतिरोध और गहरा गया है।

### तबादले के खिलाफ कोर्ट पहुंचे अफसर, मिला स्टे

विभाग के इस फैसले के खिलाफ तत्कालीन संयुक्त संचालक अरविंद सिंह ने 27 जून को कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 30 जून को कोर्ट ने उनके स्थानांतरण आदेश पर स्टे (स्थगन) दे दिया। कोर्ट से राहत मिलने के तुरंत बाद अरविंद सिंह वापस ग्वालियर के लोक शिक्षण कार्यालय पहुंचे। लेकिन, तब तक विभाग के पिछले आदेश के तहत हरिओम चतुर्वेदी संयुक्त संचालक की मुख्य कुर्सी पर बैठकर कार्यभार संभाल चुके थे।

### एक ही कुर्सी को लेकर दोनों अफसरों की अपनी-अपनी दलीलें



**हरिओम चतुर्वेदी (प्रभारी संयुक्त संचालक)** का कहना है कि 'विभाग ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, बिना लिखित आदेश काम कैसे छोड़ दूँ ' 'स्कूल शिक्षा विभाग के आधिकारिक आदेश के तहत ही मुझे संयुक्त संचालक का प्रभार सौंपा गया है। मैं पिछले 5-7 दिनों से पूरी ईमानदारी के साथ इस पद की जिम्मेदारियों और शासकीय दायित्वों का निर्वहन कर रहा हूँ। मेरे वरिष्ठ अधिकारी (अरविंद सिंह) कोर्ट से स्टे लेकर आए हैं, लेकिन इस संबंध में विभाग की ओर से मेरे पास कोई आधिकारिक सूचना या निर्देश नहीं आया है। मुझे भोपाल से जब तक विभाग का अगला स्पष्ट आदेश नहीं मिलता, तब तक मैं अपने पद और कार्य को कैसे छोड़ सकता हूँ?'



**अरविंद सिंह (संयुक्त संचालक)** का कहना है कि 'न्यायालय से स्टे मिलने के बाद कानूनी रूप से मैं ही संयुक्त संचालक हूँ ' 'तबादला आदेश के विरुद्ध न्यायालय ने स्थगन (स्टे) दे दिया है। कोर्ट के इस आदेश के बाद तकनीकी और कानूनी रूप से ग्वालियर संभाग का संयुक्त संचालक मैं ही हूँ। कानून की नजर में पद का अधिकार मेरे पास ही है, इसलिए यह बिल्कुल मायने नहीं रखता कि मैं कार्यालय के मुख्य चैंबर में बैठा हूँ या किसी दूसरे कमरे में। मैं अपनी जगह बिल्कुल सही हूँ।'

## पदोन्नति नियम 2025 के तहत प्रक्रिया शुरू करने और वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग

**ग्वालियर 2 जुलाई.** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने संभाग एवं जिला स्तरीय संवर्ग के कर्मचारियों के हितों को लेकर आवाज बुलंद की है। संघ ने क्षेत्रीय संचालक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पृथक-पृथक पत्र सौंपकर कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची जल्द जारी करने तथा पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने अपने पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि संभाग और जिला स्तर के विभिन्न संवर्गों के कर्मचारियों की लंबित वरिष्ठता सूची अविलंब घोषित की जाए। इसके साथ ही, राज्य सरकार के पदोन्नति नियम 2025 के तहत सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप पदोन्नति की आगामी कार्यवाही तत्काल प्रभाव से प्रारंभ की जाए, जिनमें प्रदेश नेतृत्व: रणबीर सिंह सिकरवार (प्रदेश महामंत्री), श्रीराम पाठक (प्रदेश संगठन मंत्री), महेंद्र सिंह परिहार (प्रदेश सचिव)। संभागीय व जिला नेतृत्व: महादेव सिंह गोयल (संभागीय अध्यक्ष), महेंद्र कुमार जैन (जिला अध्यक्ष)।

# डॉ. मुखर्जी का राष्ट्रवाद और बलिदान भाजपा की वैचारिक शक्ति का आधार : महेंद्र सिंह

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 जुलाई.** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को बूथ स्तरीय जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

**▸ भाजपा का बूथ स्तरीय जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया के प्रारंभिक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र प्रथम का विचार और संगठन के प्रति समर्पण प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व, राष्ट्रसेवा एवं उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने अपने उद्बोधन में केंद्रीय मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी द्वारा देश में अनेक औद्योगिक प्रतिष्ठानों की स्थापना तथा औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखने में दिए गए ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया।

मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रवादी राजनीति की आधारशिला रखी, जिसके सिद्धांतों और विचारधारा पर आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनकर कार्य कर रही है। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए किए गए ऐतिहासिक संघर्ष एवं उनके सर्वोच्च बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अमिट संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और संगठन सुदृढ़ीकरण के कार्य में जुटा है।

### कार्यक्रम के बाद भोजन के स्टॉल पर अफरा तफरी

कार्यक्रम के बाद भाजपा कार्यकर्ता भोजन के लिए स्टॉल पर टूट पड़े, पहले प्लेट लेने की होड मची उसके बाद प्लेट में खाना परोसने के लिए भी लोग एक दूसरे से कशमकश करते नजर आए इससे कार्यक्रम स्थल पर अफरा तफरी का माहौल हो गया।

# मुरार जच्चाखाने में मरीजों का हाल बेहाल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 जुलाई.** मुरार जच्चाखाना अस्पताल में अव्यवस्थाओं के चलते मरीजों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रही महिलाओ का कहना है की अस्पताल में लापरवाही का आलम ऐसा है की इतनी गर्मी होने के बावजूद भी उन्हें और परिजनों को पेयजल,पंखे,एसी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। अस्पताल में मौजूद पेयजल की मशीने ख़राब पड़ी है और वार्ड में लगे एसी और पंखे भी सही ढंग से काम नहीं कर रहे है। अस्पताल में इलाज़ करा रही महिलाओ ने अस्पताल में मौजूद सफाईकर्मियों और स्वास्थकर्मियो पर भी अनुचित व्यव्हार करने के आरोप लगाए है और अस्पताल में सफाई न होने का भी दावा किया है। मुरार जच्चाखाने इलाज कराने पहुंच रही महिला मरीजो और उनके परिजनों का कहना है की एक बड़ी समस्या जो उन्हें आ रही है वह है अल्ट्रासाउंड की। मरीजों का कहना है की उन्हें अल्ट्रासाउंड के लिए प्राइवेट जाँच केन्द्रो पर जाना पड़ता है जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कत हो रही है और उनकी आर्थिक स्तिथि पर भी असर पड़ रहा है। इसके साथ ही कुछ मरीजों ने दावा किया है की रात में इमरजेंसी में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की सुनवाई भी अस्पताल स्टाफ नहीं करता। रात में अस्पताल पहुंचने वाली महिला मरीजों को यह कहकर वापस भेज दिया जाता है की अभी अस्पताल में कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। अब बड़ा सवाल यह उठता है की इतनी सारी असुविधाओं के बावजूद स्वाथ्य विभाग लगातार यह दावे करता आ रहा है की शहर के सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन अस्पतालों में इलाज़ करा रहे मरीज तो कुछ और ही दावा कर रहे है। बता दे की अभी कुछ हफ्ते पहले ग्वालियर कलेक्टर डॉ रुचिका सिंह भी अचानक देर रात मुरार जच्चाखाने पहुंची थी और मरीजों से बात कर अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया था। इस दौरान कलेक्टर साहिबा ने अस्पताल स्टाफ में मौजूद दो लोगो को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। प्रतिदिन ग्वालियर और आसपास के गांव और कस्बो से कई मरीज इलाज़ के लिए मुरार जच्चाखाने पहुंचते है अगर अस्पताल में इस प्रकार की स्थिति बनी रही तो उन्हें इलाज़ के लिए प्राइवेट अस्पतालों में जाना होगा जिसका असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। फ़िलहाल मरीज इसी उम्मीद में है की जल्द सरकार और स्वास्थ्य विभाग मुरार जच्चाखाने में मौजूद व्यवस्थाओ का जायजा ले और जल्द ही मरीजों को जरुरी सुविधाएं उपलब्ध कराये।

**▸ अस्पताल स्टाफ के व्यवहार और असुविधाओं से मरीज और परिजन परेशान**

# लायंस क्लब ग्वालियर क्वीन इंटरनेशनल ने किया चिकित्सकों और सीए का सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 जुलाई.** डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर लायंस क्लब ग्वालियर क्वीन इंटरनेशनल द्वारा समाज के दो मजबूत स्तंभों—चिकित्सकों और सीए—के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को शॉल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



क्लब की अध्यक्ष लायन नीतू अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पीडीजी लायन सी. एस. तोमर उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. लाहा, लायन डॉ. अनुराधा शर्मा, डॉ. चिरायु एवं सीए कपिल अग्रवाल शामिल रहे। आयोजन में क्लब मेंटर लायन राका पाठक और आर.सी. लायन नीरज जैन का विशेष मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष लायन स्वाति अग्रवाल, ज्योति बंसल, दीपिका मित्तल, पिंकी बंसल गुप्ता, निधि बंसल, ममता अग्रवाल, समता जैन, उषा गुप्ता, गायत्री गर्ग, शशि प्रभा, ज्योति गोयल, बबिता अग्रवाल, अनु अग्रवाल, मधु अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सुमित्रा अग्रवाल, छाया जैन, पूनम भारद्वाज, पूनम अग्रवाल एवं अनुपमा अग्रवाल सहित क्लब की मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर सचिव लायन लता उपाध्याय ने सभी अतिथियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## हत्या के बाद परिवार सहित फरार हुए आरोपी

**ग्वालियर 2 जुलाई.** सिरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़े भाई से चल रही पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए छोटे भाई की सुनियोजित तरीके से हत्या करने वाले आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने पूरे परिवार के साथ घर पर ताला लगाकर भूमिगत हो गए हैं। सिरोल थाना प्रभारी गोविंद बंगोली के अनुसार, आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं जो उनके संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहाँ दबिश दे रही हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों के मोबाइल नंबर ट्रेस कर उन्हें गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# चार राजस्व अधिकारियों पर लगाया अर्थदंड

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 जुलाई.** मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम-2010 के तहत निर्धारित समय-सीमा में लोक सेवा से संबंधित आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने जिले के चार राजस्व अधिकारियों पर अर्थदंड अधिरोपित किया है। संबंधित अधिकारियों से पूर्व में कारण बताओ सूचना-पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था, लेकिन उनके उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई है।

संयुक्त कलेक्टर (लोक सेवा प्रबंधन) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए नायब तहसीलदार सुपावली श्री मुन्ना लाल गौड़ एवं नायब तहसीलदार उटीला श्री महेश सिंह कुशवाह पर पाँच-पाँच हजार रुपये, नायब तहसीलदार तानसेन-हस्तिनापुर श्री नवल किशोर पर चार हजार रुपये तथा तहसीलदार बड़ागांव श्री राघवेन्द्र सिंह कुशवाह पर पाँच हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

लोक सेवा प्रबंधक श्री सूरज यादव ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया गया है कि अधिरोपित अर्थदंड की राशि निर्धारित मद में शासकीय कोष में जमा कर चालान की प्रति तीन कार्यदिवस के भीतर लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## एससी-एसटी वर्ग के छात्रों के लिए नि :शुल्क कोचिंग

**ग्वालियर 2 जुलाई.** शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, ग्वालियर द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के होनहार अभ्यर्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एमपीपीएससी , बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, पुलिस और बीमा की तैयारी के लिए नि:शुल्क ऑफलाइन कोचिंग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में 14 जुलाई तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

# गर्मी से राहत देने बापू आश्रम में लगाया गया शरबत मेला

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 जुलाई.** भीषण गर्मी के प्रकोप से आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से संत श्री आशारामजी बापू आश्रम ग्वालियर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 'शरबत मेला' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री योग वेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ और महिला उत्थान मंडल के पदाधिकारियों द्वारा हजीरा पुलिस चौकी पर शरबत मेले का आयोजन किया गया।



आश्रम संचालक अर्जुन भाई और ऋषि प्रसाद प्रभारी परमेश्वर भाई की देखरेख में आयोजित इस शिविर में हजारों राहगीरों को शुद्ध व शीतल पलाश एवं गुलाब का शरबत पिलाया गया। इसके साथ ही सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए राहगीरों को 'ऋषि प्रसाद' ग्रंथ भी नि:शुल्क भेंट स्वरूप प्रदान किए गए।गुरुवार दोपहर से शुरू हुई यह शरबत सेवा देर शाम तक अनवरत चलती रही। इस पुनीत कार्य में विशेष रूप से महिला उत्थान मंडल की बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.और पूरे उत्साह के साथ राहगीरों को शीतल पेय वितरित किया।


आगामी
श्रावण मास
(30 जुलाई) से
रानी अहिल्या बाई पुण्यतिथि
(13 अगस्त) की
Mother Teresa &
Eid e milad mohammed
(26 August ) जन्मदिन की
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकानाएं।
اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى سَيِّدِنَا مُحَمَّدٍ
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460